नववर्ष दिवस सूर्योदय गैलरी २०१८

उदित होता सूर्य, रात्रि के अन्धकार को दूर कर, जागृत होती सृष्टि में ताजगी भरी नई स्पष्टता लाता है। सूर्य स्व-प्रकाशमय, सनातन और नित-नवीन है। सिद्धयोग परम्परा में, नववर्ष के प्रथम मंगलमय सूर्योदय का स्वागत करना हमारे अन्तर में स्थित, चिति के प्रकाश की जागृति का आवाहन करता है।

वर्ष २०१८ का स्वागत सिद्धयोगी, नववर्ष दिवस की सूर्योदय गैलरी में, पूरे ग्रह से इस मंगलमय दिन के सूर्य की प्रथम किरणों के चित्र [छवियाँ] बाँट कर करते हैं। जैसे कि ये सारी छवियाँ उसी एक सूर्य को दर्शातीं हैं, हम यह पहचान सकते हैं कि चिति का वही एक प्रकाश, हम सबके हृदय से चमचमाता है, हम सभी को एक कर रहा है।

नववर्ष दिवस की सूर्योदय गैलरी की प्रेरणा, जनवरी २०१३ के पहले दिन मिली थी। उस सुबह श्री मुक्तानन्द आश्रम में, श्रीगुरुमाई ने *एक मधुर सरप्राइज़ सत्संग* के प्रतिभागियों को यह बताया कि कैसे वे वर्ष के प्रथम सूर्योदय को देखने बाहर गईं थीं और उन्होंने आकाश को घने बादलों से ढँका हुआ पाया। यह देखकर, श्रीगुरुमाई ने भविष्य में, सार्वभौमिक सिद्धयोग संघम् को नववर्ष के सूर्य की छवियाँ बाँटते हुए कल्पना की, ताकि सभी उसका आनन्द ले सकें। एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन ने गुरुमाई जी की इच्छा को बाँटा और सिद्धयोगी व नए जिज्ञासुओं को अपने नववर्ष दिवस के सूर्योदय की छवियों को वेबसाइट गैलरी में बाँटने के लिए आमन्त्रित किया।

उस वर्ष और उसके बाद से प्रति वर्ष, संसार के सभी सिद्धयोगियों ने ख़ुशी-ख़ुशी इस वार्षिक आमन्त्रण की प्रतिक्रिया स्वरूप, श्रीगुरुमाई और एक दूसरे के साथ नववर्ष दिवस की सूर्योदय गैलरी में सूर्योदय की अपनी छवियों को बाँटा है।

©२०१८ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन® । सर्वाधिकार सुरक्षित।